सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, बारां (राज.)

पीठासीन अधिकारी श्री वासुदेव मालावत (आर.ए.एस.)

**प्रकरण संख्या :– 141/2016**

**बउनवान**

अम्बेराज आयु 50 वर्ष पुत्र श्योराम जाति गुर्जर निवासी मुण्डाघटा तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां
(अपीलांट)

**बनाम**

राजस्थान सरकार जर्ये नायब तहसीलदार, छीपाबड़ौद जिला बारॉ
(रेस्पोडेन्ट)

**अपील अन्तर्गत धारा 75 भू–राजस्व अधिनियम, 1956**

उपस्थित :– 1– श्री संजय नागर अभिभाषक (अपीलांट)
2– पेरोकार सरकार (रेस्पोडेन्ट)

## निर्णय दिनांक 30.10.2017

अपीलांट ने अपील अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार, छीपाबड़ौद के प्रकरण संख्या 354/2015 किस्म धारा 91 एल.आर.एक्ट मे पारित निर्णय दिनांक 08.10.2015 के विरूद्व अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत प्रस्तुत की गयी है। अपील के संक्षिप्त मे तथ्य इस प्रकार है कि अपीलांट को वाके ग्राम मुण्डाघटा की सरकारी भूमि किस्म चारागाह पर सम्वत् 2072 मे खसरा नम्बर 189 की रकबा 1.00 बीघा भूमि पर फसल मक्का बोकर अतिक्रमण करने पर पश्चातवर्ती अतिक्रमी मानकर एक माह की सिविल कारावास की सजा एवं 50/– रूपये शास्ति से दण्डित किया है। जिससे अप्रसन्न होकर यह अपील प्रस्तुत की गई।

इस पर अपील को दिनांक 22.03.2016 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर, रेस्पोडेन्ट को जर्ये नोटिस तलब कर, अधीनस्थ न्यायालय की मूल पत्रावली तलब की गई। अधीनस्थ न्यायालय से मूल पत्रावली प्राप्त होने पर बहस वकील अपीलांट एवं पेरोकार सरकार की सुनी गई।

अपीलांट अभिभाषक ने दौराने बहस व्यक्त किया कि अपीलांट का वर्तमान मे उक्त विवादित भूमि पर कब्जा नही है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांट को जवाबदेही एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने का कोई अवसर प्रदान नही किया गया, मात्र हल्का पटवारी की मिथ्या रिपोर्ट एवं पटवारी बयान को आधार मानकर अपीलांट को सजायाब किया गया है। इस प्रकार अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय खिलाफ कानून होने से निरस्त किये जाने योग्य है। अपील स्वीकार की जाकर, अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश निरस्त फरमाये जाने हेतु निवेदन किया गया।

इसके विपरीत पेरोकार सरकार द्वारा कथन किया गया कि अपीलांट द्वारा सरकारी भूमि किस्म चारागाह पर फसल मक्का बोकर अतिक्रमण किया है। अधीनस्थ न्यायालय ने अपीलांट को तामील प्रोपर करवाई गई है। अपीलांट अधीनस्थ न्यायालय मे

अनुपस्थित रहा है। अपीलांट द्वारा पूर्व मे भी अतिक्रमण किया गया था, जिसे अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय की पालना में पटवारी हल्का द्वारा बेदखल किया जाना बयान पटवारी से प्रमाणित है। अपीलांट द्वारा पुनः सम्वत् 2072 मे किया गया, अतिक्रमण पश्चातवर्ती अतिक्रमी की श्रेणी मे आता है। पत्रावली मे अतिक्रमित रकबा कम है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश मे बेदखली एवं शास्ति के दण्ड को यथावत रखा जाकर, अपीलांट की सजा माफ की जा सकती है।

हमने उभयपक्षो के तर्को पर मनन किया एवं पत्रावली का अद्योपान्त अवलोकन किया।

परिणाम स्वरूप अपील अपीलांट आंशिक रूप से स्वीकार की जाकर, अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार छीपाबड़ौद द्वारा प्रकरण संख्या 354/2015 मे पारित आदेश दिनांक 08.10.2015 मे बेदखली एवं शास्ति के दण्ड को यथावत रखा जाता है। अपीलांट को उक्त आदेश से दी गई सिविल कारावास की सजा को इस शर्त पर माफ किया जाता है, कि अपीलांट यदि अतिक्रमित आराजी वाके ग्राम मुण्डाघटा की सरकारी भूमि किस्म चारागाह खसरा नम्बर 189 की रकबा 1.00 बीघा से कब्जा छोड दे एवं शास्ति राशि जमा करा दे, तो नायब तहसीलदार, छीपाबड़ौद द्वारा प्रकरण संख्या 354/2015 मे अन्तर्गत धारा 91 एल.आर.एक्ट के तहत पारित आदेश दिनांक 08.10.2015 से दी गयी सिविल कारावास की सजा माफ रहेगी अन्यथा अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार, छीपाबड़ौद द्वारा पारित निर्णय दिनांक 08.10.2015 यथावत रहेगा।

निर्णय आज दिनांक 30.10.2017 को हमारे द्वारा लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

( वासुदेव मालावत )
अति0 जिला कलक्टर,
बारां